# सतत विकास की आधारशिला है पारदर्शिता

## ग्लोबल फोरम जैसी संस्थाओं के कार्यों के माध्यम से संभव हो पाया : सीतारमण

**नयी दिल्ली, 02 दिसंबर. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पारदर्शिता को सतत विकास की आधारशिला बताते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देकर लोगों का सहयोग हासिल किया है और अर्थव्यवस्था को गति दी है. सीतारमण ने यहां ग्लोबल फोरम की 18वीं आम बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के लिए कर मामलों में पारदर्शिता सदैव प्रशासनिक सुधारों से कहीं अधिक रही है.**

यह उस गहरे सिद्धांत से जुड़ा है कि आर्थिक शासन की नींव निष्पक्षता और उत्तरदायित्व पर आधारित होनी चाहिये. जब आम लोग और कंपनियां अपना उचित कर अदा करती हैं और कर चोरी को प्रभावी रूप से रोका जाता है, तब समाज अधिक सशक्त और समानतापूर्ण बनता है. उन्होंने कहा, पारदर्शिता को केवल अनुपालन के उपकरण के रूप में नहीं, बल्कि सतत विकास और राजकोषीय सुदृढ़ता की आधारशिला के रूप में देखना आवश्यक है. भारत का अनुभव इस समझ को और मजबूत करता है. मौजूदा सरकार के अनुभवों को साझा करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने स्वैच्छिक अनुपालन में स्पष्ट वृद्धि देखी है.

नागरिक तब अधिक सहयोग देते हैं जब उन्हें विश्वास होता है कि प्रणाली ईमानदारी को प्रोत्साहित करती है और कर चोरी के खिलाफ दृढ़तापूर्वक कार्रवाई करती है. यह प्रवर्तन से नहीं बल्कि स्पष्टता, सरलीकरण और करदाताओं के साथ विश्वास निर्माण के निरंतर प्रयासों से भी संभव हुआ है.



सीतारमण ने भविष्य की चुनौतियों के बारे में बात करते हुए कहा कि उनसे निपटने के लिए वैश्विक स्तर पर संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है. अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण, नये वित्तीय उत्पादों का उभरना और लाभकारी स्वामित्व की बदलती संरचनाएं अधिकार क्षेत्रों के बीच निरंतर सहयोग की मांग करती हैं. गोपनीयता और साइबर सुरक्षा को भी अत्यंत सावधानी के साथ बनाये रखना होगा. ये ऐसी चुनौतियां नहीं हैं जिन्हें कोई एक देश अकेले हल कर सके. इनके लिए समन्वय, विश्वास और प्रासंगिक जानकारी का समयबद्ध आदान-प्रदान आवश्यक है. उन्होंने कहा कि एक वैश्विक अर्थव्यवस्था में जहां परस्पर निर्भरता जीवन का हिस्सा है, वहां अधिकार क्षेत्रों के बीच स्थिर और विश्वसनीय संबंध अनिवार्य हैं. यह फोरम अनेक तरीकों से प्रतिदिन ऐसे संबंधों का निर्माण करता है.

## रेपो रेट घटी तो एफडी पर ब्याज घटेगा

**नई दिल्ली.** आरबीआई की बैठक से पहले विशेषज्ञों की चेतावनी— रेपो रेट घटा तो बैंकों की एफडी दरें भी नीचे आएंगी. भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक दिसंबर में शुरू होने जा रही है और इस बार रेपो रेट में कटौती की संभावना जताई जा रही है. अगर आरबीआई रेपो रेट घटाता है, तो बैंकों द्वारा फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में कटौती लगभग तय मानी जा रही है. विशेषज्ञों के अनुसार, जो निवेशक एफडी में पैसा लगाना चाहते हैं, उन्हें मौजूदा उच्च ब्याज दरों का लाभ उठाने के लिए जल्द कदम उठाना चाहिए. एसबीआई, एचडीएफसी , आईसीआईसीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा और केनरा बैंक सहित कई बैंकों की वर्तमान एफडी दरें 1 से 5 वर्ष अवधि के लिए 6.25प्रतिशत से 6.60प्रतिशत के बीच हैं.

# भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा है रूस




**नयी दिल्ली, 02 दिसंबर. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले उनके प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने मंगलवार को कहा कि भारत के साथ व्यापार असंतुलन के बारे में रूस अवगत है और उनका देश भारत से आयात बढ़ाने पर काम कर रहा है. पेस्कोव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूस की सरकारी समाचार एजेंसी स्पूतनिक द्वारा यहां आयोजित एक वार्ता में यह भी कहा कि पुतिन सरकार डॉलर से इतर व्यापार के विकल्प के समर्थन में है.**

उन्होंने रूसी तेल की बिक्री पर अमेरिकी प्रतिबंध को अवैध बताया. उन्होंने कहा कि इस समय दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 63 अरब डॉलर का है जिसे साल 2030 तक बढ़ाकर 100 अरब डॉलर का करने का लक्ष्य है. एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच वास्तव में व्यापार असंतुलन है, और कहा हम इससे अवगत हैं. उन्होंने कहा कि रूस भारत से आयात बढ़ाने के उपायों पर विचार कर रहा है, सिर्फ वस्तु व्यापार नहीं सेवा व्यापार भी. श्री पुतिन की भारत यात्रा से एक दिन पहले बुधवार को आयातकों के एक फोरम का आयोजन किया जायेगा जिसमें इस मुद्दे पर भी चर्चा होगी. उन्होंने कहा, हम भारत में अपने समकक्षों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि भारत से व्यापार बढ़ाया जा सके. उन्होंने डॉलर से इतर स्थानीय मुद्रा में व्यापार के बारे में कहा कि रूस अपने सहयोगी देशों के साथ व्यापार को इस प्रकार व्यवस्थित करना चाहता है जिससे कोई तीसरा देश व्यापार को प्रभावित न कर सके. उन्होंने कहा, डॉलर के इस्तेमाल के हमारे अधिकार से हमें वंचित किया गया. इसलिए हमने राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार करना शुरू किया. श्री पेस्कोव ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में डॉलर की हिस्सेदारी घट रही है.

# जियो और एनएचएआई में व्यापारिक करार

## एसएमएस, हाई-प्रायोरिटी कॉल के जरिए यात्रियों तक पहुंचेगा अलर्ट

**नई दिल्ली. राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने और यात्रा अनुभव को अधिक सुगम बनाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रिलायंस जियो के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं.**

इस साझेदारी के तहत 50 करोड़ से अधिक जियो ग्राहकों के लिए पूरे नेशनल हाईवे नेटवर्क पर एक टेलीकॉम आधारित सेफ्टी अलर्ट सिस्टम शुरू किया जाएगा. जियो के 4-5प्रतिशत नेटवर्क के जरिए वाहन चालकों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों, कोहरे वाले हिस्सों, आवारा पशु जोन और इमरजेंसी डायवर्जन की पहले से जानकारी मोबाइल पर मिलेगी. सुरक्षा संदेश यात्रियों तक एसएमएस, व्हाट्सएप और हाई-प्रायोरिटी कॉल के माध्यम से पहुंचेंगे. यह पूरी तरह ऑटोमेटेड सिस्टम जियो मोबाइल यूजर्स के लिए नेशनल हाईवे पर या उसके आसपास काम करेगा और किसी भी अतिरिक्त सड़क-किनारे हार्डवेयर की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि यह मौजूदा टेलीकॉम टावरों के जरिए संचालित होगा. चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने कहा कि यह पहल यात्रियों को समय पर सटीक जानकारी उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे वे पहले से ही सतर्क होकर सुरक्षित ड्राइविंग अपना सकेंगे. उन्होंने भरोसा जताया कि यह पहल तकनीक आधारित रोड सेफ्टी मैनेजमेंट में एक नया मानक स्थापित करेगी. वहीं रिलायंस जियो के प्रेसिडेंट ज्योतिंद्र ठक्कर ने कहा कि यह पहल जियो के विस्तृत टेलीकॉम नेटवर्क की ताकत का उपयोग करते हुए बड़े पैमाने पर सुरक्षा अलर्ट पहुंचाने में सक्षम होगी और इससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यात्रा और अधिक सुरक्षित बनेगी.

## चालू खाते का घाटा कम होकर 12.3 अरब डॉलर

**मुंबई, 02 दिसंबर.** चालू खाते का घाटा मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कम होकर 12.3 अरब डॉलर रह गया जो सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 1.3 प्रतिशत है. पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सीएडी 20.8 अरब डॉलर (जीडीपी का 2.2 प्रतिशत) रहा था. रिजर्व बैंक द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि वस्तु व्यापार घाटा 87.4 अरब डॉलर रहा. यह एक साल पहले 88.5 अरब डॉलर था. वहीं, सेवाओं के निर्यात से प्राप्त शुद्ध आय 44.5 अरब डॉलर से बढ़कर 50.9 अरब डॉलर पर पहुंच गयी.

# हरमनप्रीत कौर बनीं बैंक की नयी ब्रांड एंबेसडर



**नयी दिल्ली, 02 दिसंबर. भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान और विश्व कप विजेता हरमनप्रीत कौर पंजाब नेशनल बैंक की पहली महिला ब्रांड एंबेसडर बनी हैं.**

पीएनबी के कॉर्पोरेट कार्यालय में बैंकिंग ऑन चैंपियंस की व्यापक थीम के तहत आयोजित एक समारोह में ब्रांड एंबेसडर के रूप में उन्हें अनुबंधित किया गया. इस मौके पर अपनी नयी जिम्मेदारी की शुरुआत पर हरमनप्रीत ने केंद्रीय वित्त मंत्रालय में वित्तीय सेवा सचिव एम. नागराजू, पीएनबी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक चंद्र के साथ मिलकर बैंक के चार वित्तीय उत्पादों का अनावरण किया.

# शेयर बाजारों में गिरावट जारी सेंसेक्स 504 अंक लुढ़का

**मुंबई, 02 दिसंबर. घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट जारी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.63 अंक (0.59 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,138.27 अंक पर बंद हुआ.**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 143.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत टूटकर 26,032.20 अंक पर बंद हुआ.


### मांग नोटिस


वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के अंतर्गत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL HFL) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस(ओं) में उल्लिखित राशि चुकाने का आह्वान किया गया है। उपरोक्त के संबंध में, उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे दर्शाई गई राशि का भुगतान डिमांड नोटिस की तिथि(ओं) से भुगतान की तिथि तक के अतिरिक्त ब्याज सहित करने के लिए सूचित किया जाता है। ऋणी(ओं) का विवरण, मांग नोटिस की तिथि तक देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी गई सुरक्षा निम्नानुसार है:-

| उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं)/का नाम | मांग नोटिस दिनांक और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्री प्रताप, श्रीमती सुहागरानी विश्वकर्मा, विश्वकर्मा किराना स्टोर, प्रॉस्पेक्ट नं. IL10460800 | 14/08/2025 रू. 377584.00/- (तीन लाख सत्तर हजार पाँच सौ चौरासी मात्र) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ाः खसरा संख्या 472, माता मंदिर के पास, मदवांगौरी, मालथौन, सागर, मध्य प्रदेश, 470441, भारत। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, 180 कार्पेट क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 900.00, 640.00, 800.00। |

यदि उक्त ऋणी, एलआईएफएल एचएफएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहता है, तो एलआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अंतर्गत, पूरी तरह से ऋणी के जोखिम, लागत और परिणामों पर, उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः 249, द इनफिनिटी, प्रथम तल, एम.पी. नगर जोन II, तुलसी होटल के पास, भोपाल-462011 या कॉर्पोरेट कार्यालयः आईआईएफएल टावर, प्लॉट सं. 98, उद्योग विहार, फेस-IV, गुड़गांव, हरियाणा में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः मध्यप्रदेश
दिनांकः 03.12.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए

# एप्पल ने अमर सुब्रमण्या को दी बड़ी जिम्मेदारी

**सिरि को स्मार्ट बनाने के लिए नई लीडरशिप**

**एप्पल इंटेलिजेंस सुधारने की बड़ी तैयारी**

**नई दिल्ली, 02 दिसंबर. एआई रेस में पिछड़ती दिख रही एप्पल ने बड़ा दांव खेलते हुए भारतीय मूल के अमर सुब्रमण्या को एआई टीम का वाइस-प्रेसिडेंट बनाया है. गूगल जेमिनी और माइक्रोसॉफ्ट के एआई प्रोजेक्ट्स में अहम भूमिका निभा चुके अमर अब सिरि के मेगा अपग्रेड और एप्पल इंटेलिजेंस के ओवरहॉल को लीड करेंगे. उनकी एंट्री को एपल की एआई रणनीति का टर्निंग प्वाइंट माना जा रहा है.**

एप्पल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तेज होती रेस में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए भारतीय मूल के अमर सुब्रमण्या को एआई टीम का नया वाइस-प्रेसिडेंट नियुक्त किया है. गूगल में जेमिनी असिस्टेंट और डीपमाइंड के साथ कई हाई-इम्पैक्ट प्रोजेक्ट्स को लीड करने के बाद, कुछ महीने माइक्रोसॉफ्ट में रहकर एपल से जुड़ गए. वे अब मशीन लर्निंग रिसर्च, फाउंडेशन मॉडल्स और सिरि के बड़े अपग्रेड को दिशा देंगे.

### एप्पल के सामने इस समय दो बड़े एआई चैलेंज

एप्पल इंटेलिजेंस में आ रही गलतियों को ठीक करना, और दूसरा, सिरि के डिले हो रहे मेगा अपग्रेड को समय पर पूरा करना. नोटिफिकेशन समरी में फेक हेडलाइंस, गलत कंटेंट जेनरेशन और फेल टेस्टिंग ने कंपनी की चिंता बढ़ा दी थी. इसके अलावा सिरि को ऐप-कंट्रोल और कॉन्टेक्सचुअल अवेयरनेस जैसी क्षमताएं देने की योजना अब 2026 के मध्य तक लटक चुकी है. माना जा रहा है कि अमर की एंट्री से ये दोनों प्रोजेक्ट नए सिरे से गति पकड़ेंगे. वे एपल के इन-हाउस विकसित हो रहे 1-ट्रिलियन पैरामीटर मॉडल और गूगल जेमिनी के साथ होने वाली बड़ी लाइसेंसिंग डील को इंटीग्रेट करेंगे. उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि अमर सुब्रमण्या एपल को एआई रेस में वह तेजी दिला सकते हैं जिसकी कंपनी को लंबे समय से जरूरत थी.

## एचपी ने लेजर एम 300 सीरीज में पेश किये तीन नये प्रिंटर

**नयी दिल्ली, 02 दिसंबर.** कंप्यूटर हार्डवेयर बनाने वाली कंपनी एचपी इंडिया ने लेजर एम 300 सीरीज का विस्तार करते हुए तीन नये मॉडल भारतीय बाजार में पेश करने की घोषणा की है. कंपनी ने मंगलवार को बताया कि एचपी लेजर 335डीएन, लेजर 335डीडब्ल्यू, और एमएफपी 355एचडीएलडब्ल्यू देश के एसबीएम, एंटरप्राइज और प्रिंट शॉप सेगमेंट के लिए पोर्टफोलियो को मजबूत बनाते हैं. ये ऑटो-डुप्लेक्स प्रिंटर हैं जो हाई-वॉल्यूम व हाई-परफॉर्मेंस प्रिंटिंग के लिए डिजाइन की गयी इस नयी रेंज में तेज आउटपुट, कम ऑपरेटिंग लागत और बेहतर दक्षता देते हैं. एचपी लेजर 335डीएन की कीमत 24,000 रुपये, लेजर 335डीडब्ल्यू की 25,500 रुपये और एमएफपी 355 एचडीएलडब्ल्यू की 37,875 रुपये है.

# सोना सस्ता हुआ, चांदी फिर महंगी

**नई दिल्ली.** सर्राफा बाजार में 2 दिसंबर 2025 को सोने के दाम में गिरावट और चांदी के भाव में तेजी देखी गई. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोना आज 659 रुपये सस्ता हुआ, जबकि चांदी 243 रुपये महंगी होकर 1.75 लाख रुपये प्रति किलो के पार पहुंच गई. 22 कैरेट सोने की कीमत भी घटकर 117377 पर आ गई है. भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 को सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिली, जबकि चांदी के भाव में तेजी आई 24 कैरेट सोना सोमवार शाम के मुकाबले 659 रुपये सस्ता होकर 128141 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया.


### पश्चिम मध्य रेल

**रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)**

**पत्रांक भो./एच/ईओआई/2025 दिनांकः 28/11/2025**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मंडल रेल चिकित्सालय निशातपुरा/भोपाल के भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखित कार्य के लिये इच्छुक उप मंडल रेल चिकित्सालय बीना एवं स्वास्थ केंद्र गुना शाजापुर हरदा एवं शिवपुरी क्षेत्र के रेल्वे लाभार्थियों को आपातकालीन स्थिति में उपचार प्रदान करने हेतु सीजीएचएस/नॉन सीजीएचएस निजी चिकित्सलयों से सीजीएवएस दरों पर ईओआई (अभिव्यक्ति की रूचि) आमंत्रित किये जाते है।

| क्र | कार्य का विवरण | कार्य की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | उप मंडल रेल चिकित्सालय बीना एवं स्वास्थ केंद्र गुना शाजापुर हरदा एवं शिवपुरी क्षेत्र के मरीजों के लिय उपचार हेतु सीजीएचएस/नॉन सीजीएचएस निजी चिकित्सलयों से सीजीएचएस दरो पर ईओआई (अभिव्यक्ति की रूचि) आमंत्रित किये जाते हैं। | 02 वर्ष (कार्य प्रारंभ होने की तिथि से) |

EOI जमा एवं खुलने की दिनांक एवं समय : EOI जमा करने का दिनांक 19.12.2025 समय 13:00 बजे तक एवं खुलने का समय 15:30 बजे,

नियम एवं शर्तें उपलब्ध है:— 1. किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक मंडल रेल चिकित्सालय निशातपुरा/भोपाल से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। फोन नं. 0755—2746959/9201978160

2. रेलवे की वबेबसाईड https://wcr.indianrailways.gov.in से प्राप्त एवं डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक.**
**पश्चिम मध्य रेल, भोपाल**

**स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर**



### DIRECTORATE GENERAL RESETTLEMENT

MINISTRY OF DEFENCE


JOB FAIR for EX-SERVICEMEN (ESM)

12 DECEMBER 2025 (7 AM Onwards)

VENUE : PANCHJANYA AUDITORIUM, DRONACHAL TOP

BHOPAL MILITARY STATION, BHOPAL, MADHYA PRADESH

Documents Required : ESM I-Card and 5 copies of Resume/Biodata



EX-SERVICEMEN : SKILLED, DISCIPLINED AND DEPENDABLE

**Benefits for Industry Employers**
- Free Online Registration
- Free Job Postings
- Free Allotment of Stalls
- Free Access to Resumes of ESM

For further details contact:
Jt Director,DRZ (C) - 0522-2482833, 9630781869 drzclkw@desw.gov.in
Jt Director(SE),DGR - 011-20863432 seopadgr@desw.gov.in
Director (SE), DGR - dirsedgr@desw.gov.in

**What Employers Can Expect in Job Fair**
- ESM from the three Services
- ESM for Technical and IT Roles
- ESM for Medical Establishments
- ESM for Hospitality Sector Roles
- ESM for Guard and Security Roles
- ESM for Drivers and Machinery Operators
- ESM for Defence and Aerospace Sectors
- ESM for Clerical and Documentation Roles
- ESM for Logistics and Administration Roles
- ESM for Inventory & Warehouse Management

**And many More Roles Across Diverse Sectors**

In collaboration with ESMHire™

Registration Open Now : www.esmhire.com

CBC 10401/11/0036/2526



BAJAJ FINANCE

### सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।

(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;

(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;

(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा

(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।

(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।


**स्कैन करें**

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(12-01-26): बालाघाट - BGL; P6Y9GOL14872078. बरेली - राठी कॉलोनी; PCA3GOL14759670, 14843053. बेतूल - शर्मा कॉम्प्लेक्स; PCA4GOL14784827, 14821448, 14920688. भोपाल -इमामी गेट; PF46GOL14762533. (13-01-26) भोपाल - इंद्रपुरी; PF49GOL13610659, 14767113. भोपाल - मध्यप्रदेश नगर; PCA5GOL14550935, 14683224. बीना - इटावा स्टेशन रोड; PCA6GOL14417747, 14900755. छिंदवाड़ा - लालबाग; PEQ1GOL14824432, 14849635, 14870058. डाबरा - मेन रोड; PKH4GOL14579120, 14755732, 14780887. (14-01-26): दतिया -सीता सागर; PMN5GOL14895450. देवास - एबी रोड; PGG2GOL14443345, 14607881, 14924070. गादरवाड़ा - इंद्रा वार्ड; PKA3GOL14398220, 14497759. गंज बासोदा - मेन रोड; P02WGOL14565450. (15-01-26) ग्वालियर - सिटी सेंटर; PCA7GOL14391976, 14417190, 14438319, 14437807, 14615244, 14705840, 14756853, 14754234, 14853362. ग्वालियर - गोले का मंदिर; PJD1GOL14376022, 14513551, 14536161, 14872855. ग्वालियर - मोरार; PHF9GOL14355758, 14390348, 14441971, 14579129, 14715563. ग्वालियर - नया बाज़ार; PF25GOL14694349, 14732437, 14735412, 14777801, 14821466, 14918618, 14918123. ग्वालियर -विनय नगर; PEF2GOL14370739, 14554831, 14630289, 14819754, 14849006, 14853381. (16-01-26) होशंगाबाद - मीनाक्षी चौक; PCA9GOL13588594, 14377792, 14579843, 14653462, 14653716, 14712831, 14839349. इंदौर - विजय नगर; PGJ9GOL14443880, 14559330, 14578767. इटारसी - सराफा बाजार; P03WGOL14413190, 14438980, 14461064, 14456689, 14621841, 14680770, 14685116. जबलपुर - दीनदयाल चौक; PEH4GOL14560667. (17-01-26) जबलपुर - राइट टाउन; PG03GOL14352275, 14534264, 14532267, 14606686, 14680579, 14704836, 14831435, 14879088, 14868536, 14896862. खरगोन - जवाहर मार्ग; PJC9GOL14855803. मंदसौर - नयापुरा रोड; PMI9GOL14416401. मुरैना - शिवनगर; PJC8GOL14349454, 14355102, 14459802, 14474310, 14533051, 14612884, 14632648, 14685419, 14847375, 14872290. नरसिंहपुर - BGL; P6Y8GOL14634531. (19-01-26) रीवा - BGL; P4A7GOL14467265, 14454591, 14485458, 14601186, 14610027, 14693025, 14729676, 14785762, 14783170, 14871585, 14872448, 14898904, 14911796. सागर - परकोटा; PLL1GOL14654967. सतना - रीवा रोड; PCP2GOL14693199. सीहोर - सेकड़ाखेड़ी रोड; PCP3GOL14919922. (20-01-26) शहडोल - BGL; P6E0GOL14609504, 14685718. श्योपुर - शिवपुरी रोड; PLC3GOL14350885, 14410606, 14419668, 14582372, 14653501, 14657935, 14755768, 14872496, 14875036, 14917894. शिवपुरी - एबी रोड; PEH3GOL14496272, 14514307, 14609666, 14822154, 14844409, 14867359, 14900597.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**


# बैंक ऑफ महाराष्ट्र का ओएफएस खुलेगा




**नयी दिल्ली, 02 दिसंबर. केंद्र सरकार बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पांच प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी जिसके लिए बिक्री प्रस्ताव मंगलवार को खुलेगा.**

बैंक ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि सरकार वित्तीय सेवा विभाग के माध्यम से बैंक की कुल चुकता पूंजी का पांच प्रतिशत यानी 10 रुपये अंकित मूल्य वाले 38,45,77,748 शेयर बेचेगी. इसकी न्यूनतम कीमत 54 रुपये रखी गयी है. इस प्रकार सरकार को 2,076 करोड़ रुपये से अधिक की आमदनी होने की उम्मीद है. इसके अलावा 7,69,15,549 शेयर (एक प्रतिशत) ग्रीन-शू विकल्प के तहत होंगे जिसकी बिक्री करने पर सरकार बाद में विचार कर सकती है. बैंक ने बताया कि वह 75 हजार इक्विटी शेयर अपने कर्मचारियों को भी दे सकती है. बीएसई में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शेयर 1.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57.66 रुपये पर बंद हुआ. गैर-खुदरा निवेशकों के लिए ओएफएस 02 दिसंबर को सुबह 9-15 बजे खुलेगा और दोपहर बाद 3-30 बजे बंद होगा. वहीं, खुदरा निवेशकों के लिए यह 03 दिसंबर को सुबह 9-15 बजे से दोपहर बाद 3-30 बजे तक उपलब्ध रहेगा.